जैन समाजात प्रचंड खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति

(Since 1969) www.jainjagruti.in



६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे–सातारा रोड, भापकर पेट्रोल पंपा समोर, सिटी प्राईडच्या पुढची लेन, पुणे ४११०३७.
मो. : ८२६२०५६४८०, ☎ : ०२० – २४२१५५८३
मोबाईल : संजय ९८२२०८६९९७, सुनंदा ९४२३५६२९९१

❖ संस्थापक ❖
स्व. श्री. कांतीलालजी चोरडिया

संपादक व प्रकाशक : संजय के. चोरडिया
सहसंपादक : सौ. सुनंदा एस. चोरडिया

❖ वर्ष ५४ वे ❖ अंक ४ था ❖ डिसेंबर २०२२ ❖ वीर संवत २५४९ ❖ विक्रम संवत २०७९

या अंकात

| | पान नं. |
|---|---|
| ● अ.भा. समग्र जैन संप्रदाय तुलनात्मक तालिका २०२२ | १५ |
| ● धर्म तारणहार है। | २० |
| ● मनोबल बढ़ाने के उपाय | २३ |
| ● कव्हर तपशील | २४ |
| ● अंतिम महागाथा : मिथ्यात्व की मदिरा | ३१ |
| ● क्रोध को न होने दे हावी | ३४ |
| ● रत्न संदेश | ४० |
| ● जिन शासन के चमकते हिरे | ४१ |
| ● जीवन की विदाई – मृत्यु | ४६ |
| ● मुझे बनना है | ४९ |
| ● पुण्याची करन्सी | ५९ |
| ● रंग बिरंगी | ६० |
| ● सब को हमेशा मिलें | ६१ |
| ● यही है जिंदगी – पहले स्थिर बनिए | ६२ |
| ● जैन धर्म में दीपावली का महत्त्व | ६३ |
| ● हास्य जागृति | ६४ |
| ● दिव्य दृष्टि और यथार्थता | ६५ |
| ● डॉ. नरेन्द्रकुमारजी बलदोटा – पुरस्कार | ६७ |
| ● बलदोटा ग्रुप – स्टील प्लांट | ६९ |
| ● जीतो रेस्ट ऑफ महाराष्ट्र कार्यकरणी | ७० |
| ● श्री. सुभाषजी ललवाणी – सन्मान | ७० |
| ● जीतो पुणे कार्यकरणी शपथविधी | ७१ |
| ● वर्धमान एज्युकेशन ॲण्ड रिसर्च इन्स्टिटट्युट, पुणे | ७२ |
| ● सौ. सुनंदा चोरडिया – सन्मान | ७३ |
| ● ३२ स्माईल डेंटल क्लिनीक, पुणे | ७४ |
| ● गौतमलब्धि फौंडेशन – हेल्थ कार्ड | ७५ |
| ● चि.अक्षिता नहार चा – स्टार्टअप | ७६ |
| ● जय आनंद ग्रुप, पुणे – पुरस्कार | ७७ |
| ● श्री. संजयजी घोडावत – पुरस्कार | ७७ |
| ● शर्मिला, शुभम ओसवाल – स्टार्अअप | ८३ |
| ● नटराज टेक्सटाईल – गोल्डन ज्युबली | ८३ |

- आनंदऋषिजी नेत्रालय – अहमदनगर ८४
- प्रा. डॉ. संजयजी चोरडिया – पुरस्कार ८४
- दि पूना मर्चंटस् चेंबर ८७
- श्री. संतोषजी चोरडिया – पुरस्कार ८७
- सौ. सीमा गांधी – कविता संग्रह प्रकाशन ८८
- श्री. भरतजी सुराणा – पुणे ८८
- पारनेर शहर – चातुर्मास ८९
- डॉक्युमेंटरी फिल्म – उद्‌घाटन ८९
- सौ. संगीताजी ललवाणी, पुणे ९१
- महावीर जैन विद्यालय, पुणे ९२
- सुयोग–नवकार पुणे – शिलान्यास ९२
- गौतम निधी फाऊंडेशन ९३
- नामको हॉस्पिटल, नाशिक ९४
- वाचकांचे मनोगत ९५
- योग ब्रम्हा योग क्लासेस ९७
- विविध धार्मिक व सामाजिक बातम्या


**जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर** ❖ एका वर्षात तीन मोठ्या अंकासहित

| पंचवार्षिक | रु. २२०० | त्रिवार्षिक | रु. १३५० | वार्षिक | रु. ५०० |
|---|---|---|---|---|---|

या अंकाची किंमत ५० रुपये.

- www.jainjagruti.in
- www.facebook.com/jainjagrutimagazine

## सुसंस्कार व सदाचाराचा पुरस्कार करणाऱ्या 'जैन जागृति' मासिकाचे वर्गणीदार व्हा !

- वीतराग वाणी, आचार्य, साधू, साध्वी यांचे लेख, धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक लेख, धार्मिक कथा, बोधकथा, ऐतिहासिक पुरुषांचे जीवन चरित्र, तीर्थक्षेत्र परिचय, समाज प्रबोधन लेखमाला, दीपावली पूजन विधी व मुहूर्त, आरोग्य व गृहोपयोगी लेख, विविध बातम्या इ. साहित्य जैन जागृतित प्रकाशित केले जाते.
- आपण स्वत: जैन जागृतिचे ग्राहक बना व आपले नातेवाईक, मित्र, व्यापारी बंधू इत्यादींना वर्गणीदार नसतील तर त्यांना वर्गणीदार होण्यास सांगा.
- 'जैन जागृति' मासिकाची वर्गणी भरून इतरांना भेट पाठवा.

जैन जागृति वर्गणी व जाहिरात – रोख/Google Pay, M. 9822086997/AT PAR चेक/पुणे चेकने/ RTGS / Jain Jagruti Website इत्यादी द्वारा पाठवावी

**BANK ACCOUNT DETAILS - A/C Name : JAIN JAGRUTI**

**Bank : STATE BANK OF INDIA** **Branch : Market Yard, Pune 37.**
**Current A/c No. : 10521020146** **IFS Code : SBIN0006117**


'जैन जागृति' हे मासिक मालक, मुद्रक व प्रकाशक एस. के. चोरडिया यांनी प्रकाश ऑफसेट, शॉप नं. १२–१३, पर्वती टॉवर्स, पुणे – ४११००९ येथे छापून ६२ बी, ऋतुराज सोसायटी, पुणे–सातारा रोड, पुणे – ४११ ०३७ येथे प्रसिध्द केले. संपादक – एस. के. चोरडिया

"Jain Jagruti" monthly magazine is owned, printed & published by S. K. Chordia, Printed at Prakash Offset, Shop No. 12-13, Parvati Towers, Pune 411009. Published at 62-B, Ruturaj Society, Pune - Satara Road, Pune - 411 037. Editor - S. K. Chordia



टिप : या अंकात प्रसिध्द झालेल्या मताशी संपादक सहमत असतीलच असे नाही. जैन जागृति संबंधित कोणत्याही कायदेशीर कारवाईसाठी पुणे न्यायलय क्षेत्र ग्राह्य धरले जाईल.

टिप : जैन जागृति अंकात प्रकाशित लेख, बातम्या, जाहिरातीचे सर्वाधिकार सुरक्षीत आहेत.

# अ.भा. समग्र जैन संप्रदाय तुलनात्मक तालिका २०२२

**समग्र जैन चातुर्मास सूची २०२२**

**संपादक, संकलन : श्री. बाबुलालजी जैन 'उज्ज्वल', मुंबई. मो. ९३२४५२१२७८**

## (१) श्वेताम्बर स्थानकवासी संप्रदाय

### (क) श्रमण संघ सम्प्रदाय

| क्रं. | गच्छनायक का नाम | आचार्य संख्या | चातुर्मास स्थल | कुल मुनिराज | कुल सतियाँजी | कुल ठाणा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १) | श्रमण संघ संप्रदाय<br>आचार्य डॉ. शिवमुनिजी म.सा. | १ | | | | |
| | **कुल योग** | १ | ३९३ | २५८ | १०५९ | १३१७ |

### (ख) स्वतंत्र सम्प्रदायें

| क्रं. | संप्रदाय का नाम | गच्छनायक का नाम | आचार्य संख्या | चातुर्मास स्थल | कुल मुनिराज | कुल सतियाँजी | कुल ठाणा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| २ | श्री ज्ञान गच्छ संप्रदाय | गच्छाधिपति श्री प्रकाशचन्द्रजी म.सा. | – | १०८ | ९८ | ४२० | ५१८ |
| ३ | श्री साधुमार्गी संप्रदाय | आचार्य श्री रामलालजी म.सा. | १ | १०० | ७२ | ३७७ | ४४९ |
| ४ | समर्थ गच्छ संप्रदाय(२०१४) | गच्छाधिपति श्री उत्तममुनिजी म.सा. | – | ३८ | २३ | १८३ | २०६ |
| ५ | श्री रत्नसंघ संप्रदाय | आचार्य श्री हीराचन्द्रजी म.सा. | १ | २७ | २४ | १०६ | १३० |
| ६ | श्री हुक्म.शांत क्रांति संघ | आचार्य श्री विजयराजजी म.सा. | १ | २४ | २९ | ८८ | ११७ |
| ७ | श्री मदन सुदर्शनलालजी म.सा. | संघ संचालक श्री नरेशमुनिजी म.सा. | – | २२ | ३७ | ४९ | ८६ |
| ८ | श्री जयमल संप्रदाय | आचार्य श्री पार्श्वचन्द्रजी म.सा. | १ | ७ | १४ | १७ | ३१ |
| ९ | श्री अरिहंतमार्गी महासंघ | आचार्य श्री ज्ञानचन्द्रजी म.सा. | १ | ८ | ९ | २० | २९ |
| १० | श्री नानक संप्रदाय | आचार्य श्री सुदर्शनलालजी म.सा. | १ | ४ | ७ | १२ | १९ |
| ११ | नानक प्राज्ञ संप्रदाय | प्रवर्तिनी डॉ. दर्शनालताजी म.सा. | – | १ | – | ८ | ८ |
| १२ | गुरुमदन संप्रदाय | गच्छाधिपति श्री प्रकाशचंद्रजी म.सा. | – | २ | ६ | – | ६ |
| १३ | श्री हगामीलालजी म.सा. | आचार्य श्री अभयमुनिजी म.सा. | १ | १ | ३ | – | ३ |
| | अन्य स्वतंत्र | अन्य संत सतियाँ | – | ३९ | २८ | २० | ४८ |
| | | **कुल योग** | ७ | ३८१ | ३५० | १३०० | १६५० |

**नोट :** सभी संप्रदायों का क्रमांक कुल ठाणाओं की संख्या के आधार पर दिया गया है, जिसकी जितनी ज्यादा संख्या हैं, उसको उसी क्रमांक में स्थान प्रदान किया गया हैं । यहाँ पर किसी भी तरह का कोई भेदभाव नहीं रखा गया हैं । हमारे लिए सभी एक समान हैं।

## (ग) वृहद् गुजरात संप्रदायें

| क्रं. | संप्रदाय का नाम | गच्छनायक का नाम | कुल आचार्य | कुल स्थल | कुल मुनिराज | कुल सतियाँ | कुल ठाणा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १४ | गोंडल संप्रदाय | गच्छ शिरोमणि श्री जसराजजी म.सा. | – | ६५ | १२ | २२९ | २४१ |
| १५ | छ कोटी लींबडी अज. | गच्छा. आचार्य श्री भावचन्द्रजी म.सा. | १ | ६३ | १७ | २१२ | २२९ |
| १६ | कच्छ मोटी पक्ष संप्रदाय | आचार्य श्री भाईचंद्रजी म.सा. | १ | ३८ | १४ | ९१ | १०५ |
| १७ | दरियापुरी संप्रदाय | आचार्य श्री विरेन्द्रमुनिजी म.सा. | १ | २९ | ११ | ८२ | ९३ |
| १८ | लींबडी अजरामर संप्रदाय | गच्छनायक श्री धैर्यमुनिजी म.सा. | – | २६ | ५ | ८४ | ८९ |
| १९ | लींबडी गोपाल संप्रदाय | गच्छनायक श्री रामउत्तमकुमारजी म.सा. | – | २८ | ११ | ७६ | ८७ |
| २० | लींबडी गोपाल संप्रदाय | गच्छनायक श्री धन्यमुनिजी म.सा. | – | १५ | ३ | ६६ | ६९ |
| २१ | श्वे.स्था.ली. अजरामर | आचार्य श्री प्रकाशचन्द्रजी म.सा. | १ | १४ | ७ | ४६ | ५३ |
| २२ | बोटाद संप्रदाय | गच्छाधिपती श्री शैलेश मुनिजी म.सा. | १ | १४ | ३ | ४८ | ५१ |
| २३ | कच्छ नानी पक्ष संप्रदाय | आचार्य श्री मूलचंदजी म.सा. | – | १३ | १५ | ३५ | ५० |
| २४ | खंभात संप्रदाय | श्री चेतनमुनिजी म.सा. | – | १५ | ६ | ३६ | ४२ |
| २५ | बरवाला संप्रदाय | गच्छाधिपती श्री सरदार मुनिजी म.सा. | – | ७ | १२ | २२ | ३४ |
| २६ | गोंडल संघाणी संप्रदाय | गच्छनायिका श्री उषाबाई म.सा. | – | ६ | – | ३० | ३० |
| २७ | मुंबई स्थानकवासी | गच्छनायक श्री भावेशमुनिजी म.सा. | – | २ | ५ | ४ | ९ |
| २८ | हालारी संप्रदाय | पं. रत्न श्री केशवमुनिजी म.सा. | – | २ | २ | ४ | ६ |
| | अन्य | अन्य स्वतंत्र गुजरात | – | १५ | १७ | १८ | ३५ |
| | | **कुल योग** | **५** | **३५२** | **१४०** | **१०८३** | **१२२३** |

## श्वे. स्थानकवासी संप्रदाय तुलनात्मक तालिका – २०२२

| क्रं. | संप्रदाय | कुल आचार्य | कुल चातुर्मास | कुल मुनिराज | कुल सतियाँजी | कुल योग | प्रतिशत % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | श्रमण संघ | १ | ३९३ | २५८ | १०५९ | १३१७ | ३२% |
| २ | स्वतंत्र | ७ | ३८१ | ३५० | १३०० | १६५० | ३९% |
| ३ | वृहद् गुजरात | ५ | ३५२ | १४० | १०८३ | १२२३ | २९% |
| | **कुल योग** | **१३** | **११२६** | **७४८** | **३४४२** | **४१९०** | **१००%** |


**जास्तीत जास्त जैन समाजापर्यंत पोहचण्याचा**
**सर्वांत खात्रीशीर, सर्वांत सोपा व सर्वांत रिजनेबल मार्ग ...**
**जैन जागृति - आजच जाहिरातीसाठी संपर्क करा.**

## (२) श्वे. मूर्तिपूजक संप्रदाय तुलनात्मक तालिका – २०२२

**१. तपागच्छ संप्रदाय** **(सभी क्रमांक संख्या के आधार पर)**

| क्रं. | समुदाय का नाम | वर्तमान गच्छ नायक/ आचार्य का नाम | आचार्य | स्थल | मुनि | साध्वियाँ | कुल ठाणा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | श्री प्रेम रामचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. | श्री. पुण्यपालसूरीश्वरजी म.सा. | ५४ | २४९ | ५४७ | १३४६ | १८९३ |
| २ | श्री प्रेम भुवनभानुसूरीश्वरजी म.सा. | श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. | ५२ | २७९ | ७०३ | ८५८ | १५६१ |
| ३ | श्री आनंदसागरसूरीश्वरजी म.सा. | श्री दौलतसागरसूरीश्वरजी म.सा. | २४ | २२९ | १९३ | ७०४ | ८९७ |
| ४ | श्री कनक कलापूर्ण सूरीश्वरजी म.सा. (वागड) | श्री कल्पतरूसूरीश्वरजी म.सा. | १६ | १२८ | १२९ | ६२१ | ७५० |
| ५ | श्री सिद्धिसूरीश्वरजी म.सा. | श्री यशोविजयसूरीश्वरजी म.सा. | ६ | ९८ | ११८ | ५२० | ६३८ |
| ६ | श्री नेमीसूरीश्वरजी म.सा. | श्री हेमचंद्रसूरीश्वरजी म.सा. | ३५ | १३९ | १५४ | ३९२ | ५४६ |
| ७ | श्री नीतिसूरीश्वरजी म.सा. | श्री हेमप्रभसूरीश्वरजी म.सा. | ७ | १०० | ५३ | ४७३ | ५२६ |
| ८ | श्री धर्मविजयजी म.सा. (डेहलावाला) | श्री अभयदेवसूरीश्वरजी म.सा. | ८ | ८८ | ७४ | ३३३ | ४०७ |
| ९ | श्री भक्तिसूरीश्वरजी म.सा. | श्री शांतिचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. | ७ | ९१ | ४१ | २९६ | ३३७ |
| १० | श्री शांतिचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.(१) | श्री योग तिलकसूरीश्वरजी म.सा. | १ | ३४ | १२० | २११ | ३३१ |
| ११ | श्री त्रिस्तुतिक संप्रदाय (प्रथम) | श्री नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. | २ | ६० | ४२ | २२३ | २६५ |
| १२ | श्री शांतिचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.(२) | श्री राजशेखरसूरीश्वरजी म.सा. | ७ | ४३ | ४५ | २१० | २५५ |
| १३ | श्री धर्मसूरीश्वरजी म.सा. | श्री चन्द्रसेनसूरीश्वरजी म.सा. | ८ | ६० | ४३ | १९४ | २३७ |
| १४ | श्री केशरसूरीश्वरजी म.सा.(१) | श्री विज्ञानप्रभसूरीश्वरजी म.सा. | २ | ४२ | १७ | २१५ | २३२ |
| १५ | श्री लब्धिसूरीश्वरजी म.सा. | श्री राजयशसूरीश्वरजी म.सा. | १६ | ६१ | ५६ | १७० | २२६ |
| १६ | श्री वल्लभसूरीश्वरजी म.सा. (१) | श्री धर्मधुरंधर सूरीश्वरजी म.सा. | २ | ४५ | २६ | १३८ | १६४ |
| १७ | श्री त्रिस्तुतिक संप्रदाय (द्वितीय) | श्री जयानंदसूरीश्वरजी म.सा. | १ | १८ | ३९ | ११३ | १५२ |
| १८ | श्री बुद्धिसागरसूरीश्वरजी म.सा. | श्री मनोहर कीर्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा. | १३ | ३८ | ५१ | ९२ | १४३ |
| १९ | श्री हिमाचलसूरीश्वरजी म.सा. | श्री रविशेखरसुरीश्वरजी म.सा. | २ | २५ | १६ | ११५ | १३१ |
| २० | श्री शांतिचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.(३) | श्री सोमसुंदरसूरीश्वरजी म.सा. | ३ | १६ | २० | ९७ | ११७ |
| २१ | श्री वल्लभसूरीश्वरजी म.सा. (२) | श्री नित्यानंदसूरीश्वरजी म.सा. | ६ | ३१ | ३२ | ७२ | १०४ |
| २२ | श्री अरिहंत सिद्धसूरीश्वरजी म.सा. | श्री रेवत सूरीश्वरजी म.सा. | २ | १९ | १३ | ७४ | ८७ |
| २३ | श्री मोहजीत विजयजी म.सा. | श्री युगभूषणसूरीश्वरजी म.सा. | ३ | ४ | ४० | ४६ | ८६ |
| २४ | श्री केशरसूरीश्वरजी म.सा.(२) | श्री उदयप्रभसूरीश्वरजी म.सा. | १ | १८ | २१ | ६२ | ८३ |
| | | कुल | २७८ | १९१५ | २५९३ | ७५७५ | १०१६८ |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| २५ | श्री पार्श्वचन्द्र गच्छ संप्रदाय | उपाध्याय श्री भुवनचंन्द्रजी म.सा. | – | २४ | ६ | ४५ | ५१ |
| २६ | श्री मोहनलालजी म.सा. | श्री मुक्तिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. | ३ | १८ | १८ | ३० | ४८ |
| २७ | श्री विमलगच्छ संप्रदाय | श्री प्रद्युम्न विमलसूरीश्वरजी म.सा. | १ | १५ | १२ | ३३ | ४५ |
| २८ | श्री त्रिस्तुतिक संप्रदाय (तृतीय) | वरिष्ठ श्री हितेशचन्द्रजी म.सा. | – | ११ | १४ | ३० | ४४ |
| २९ | श्री अमृतसूरीश्वरजी म.सा. | श्री हेमेंद्रसूरीश्वरजी म.सा. | १ | ६ | २ | २४ | २६ |
| ३० | श्री त्रिस्तुतिक संप्रदाय (चतुर्थ) | श्री लेखेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. | १ | ४ | ६ | ९ | १५ |
| | | **तपागच्छ का कुल योग** | **२८४** | **१९९३** | **२६५१** | **७७४८** | **१०३९९** |
| | | **(२) श्वे. मूर्ति विभिन्न संप्रदाय** | | | | | |
| ३१ | श्री खरतगच्छ संप्रदाय | श्री मणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. | ४ | ९५ | ७५ | ३०९ | ३८४ |
| ३२ | श्री अचलगच्छ संप्रदाय | श्री कलाप्रभसागरसूरीश्वरजी म.सा. | ३ | १११ | ४९ | २७१ | ३२० |
| | | **कुल योग** | **२९१** | **२१९९** | **२७७५** | **८३२८** | **१११०३** |
| | **श्वे. स्वतंत्र संप्रदाय** | **अनेक आचार्य** | **१०** | **४२** | **६८** | **३५** | **१०३** |
| | **श्वे. वाहन विहारी** | **अनेक** | **४** | **२२** | **५५** | **३०** | **८५** |
| | | **श्वे. संप्रदायों का कुल योग** | **३०५** | **२२६३** | **२८९८** | **८३९३** | **११२९१** |

| **(३) दिगम्बर संप्रदाय** | | **आचार्य** | **स्थल** | **मुनिराज** | **साध्वियाँ** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिगम्बर संप्रदाय | अनेक संप्रदाय | १०७ | ४१० | ८४६ | ७५५ | १६०१ |

| **(४) श्वेताम्बर तेरापंथी संप्रदाय** | | **आचार्य** | **स्थल** | **मुनिराज** | **साध्वियाँ** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १) श्वेताम्बर तेरापंथी संप्रदाय | आचार्य श्री महाश्रमणजी म. सा. | १ | १४१ | १६० | ५६३ | ७२३ |

## समग्र जैन संप्रदायों के साधु–साध्वीयों की तुलनात्मक तालिका – २०२२

| संप्रदाय | कुल आचार्य | कुल चातुर्मास | कुल मुनिराज | कुल साध्वियाँ | कुल ठाणा | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्वे. मूर्तिपूजक | ३०५ | २२६३ | २८९८ | ८३९३ | ११२९१ | ६३% |
| श्वे. स्थानकवासी | १३ | ११२६ | ७४८ | ३४४२ | ४१९० | २४% |
| दिगम्बर | १०७ | ४१० | ८४६ | ७५५ | १६०१ | ९% |
| श्वे. तेरापंथी | १ | १४१ | १६० | ५६३ | ७२३ | ४% |
| कुल योग | ४२६ | ३९४० | ४६५२ | १३१५३ | १७८०५ | १००% |

**समग्र जैन चातुर्मास सूची २०२२. संपादक, संकलन : श्री.बाबुलालजी जैन 'उज्ज्वल', मुंबई. मो. ९३२४५२१२७८ ●**

# धर्म तारणहार है !

**लेखक : राष्ट्रसंत श्री गणेशमुनि शास्त्री**

सम्पूर्ण संसार आधि, व्याधि और उपाधि से संत्रस्त है। यहाँ कदम-कदम पर दुःखों का जाल बिछा हैं। चारों ओर परेशानियों और चिन्ताओं की भयंकर ज्वालाएँ सुलग रही हैं। मनुष्य शान्ति की तलाश में इधर-उधर दौड़ता है, लेकिन शान्ति का दर्शन दुर्लभ हो गया है। ग्राम हो या नगर, वन हो या उपवन आज कहीं भी शान्ति दिखाई नहीं देती। शान्ति प्राप्त करने की प्रबल इच्छा ही आपको हमारे पास यहाँ खींचकर ले आई है।

हाँ, यह सच है कि सन्त शान्ति से जी रहे हैं। आपकी भी इच्छा यही होती है कि जो शान्ति सन्तों के पास है और उनके आस-पास के वातावरण में रमी हुई हैं, वैसी ही शान्ति और वैसा ही वातावरण हमारे घर में भी हो। लेकिन सन्तों के सतत और दीर्घकालिक सम्पर्क से आप भी वैसी ही शान्ति प्राप्त कर सकते हैं, जो उनको सुलभ है, क्योंकि धर्म के जिस अवलम्बन से संतों को शान्ति है, धर्म का वही आश्रय संत आपको दे सकते हैं।

आज चारों ओर संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। हमारे अन्दर और बाहर अतिक्रमण एवं आक्रमण हो रहे हैं। उसको सब जान रहे हैं, लेकिन भीतर जो संघर्ष हो रहा है, वह व्यक्तिगत है। अपने विचारों से जूझना बड़ा मुश्किल है। जो अपने आप से लड़ना एवं संघर्ष करना जान जाता है, उसे फिर बाहरी संघर्ष की आवश्यकता नहीं होती। उसे दुनियाँ की कोई शक्ति भयभीत नहीं कर सकती।

**मृत्यु का भय**

मृत्यु से भला क्या डरना? वह तो एक दिन अवश्य आयेगी ही। अभी से डरकर उसे आमंत्रण मत दो। आपके चाहने पर तो उसकी राह निष्कंटक हो जाती है।

विचार कीजिए एक मकान में आग लग गई है। आग की लपटों से पूरा मकान घिर गया है। जो मकान में नीचे थे, वे प्राण बचाकर बाहर निकल आये। उस मकान की तीसरी मंजिल पर दो मित्र प्रेम से बैठे हुए बातें कर रहे हैं। आग का धुआँ और भीड़ का शोर - जब दोनों उनके समीप पहुँचे, तब उकी तन्द्रा टूटी। अब तो झुलसाने वाली लपटों ने उनको घेर लिया। उन्होंने छत से नीचे की ओर देखा तो लोग उनको नीचे कूदने का संकेत कर रहे थे। उन्होंने नीचे जाल तान दिया था, ताकि वे उस पर कूद जायें। दोनों मित्रों ने भयभीत दृष्टि से एक-दूसरे को देखा।

एक ने कहा- ''यहाँ से नहीं कूदेंगे, बहुत ऊँचाई है चलो जल्दी करो नीचे चलते हैं ।''

दोनों जल्दी से नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों की ओर बढ़े, पर यह क्या ! लकड़ी होने के कारण सीढ़ियाँ तो तेजी से जल रही थीं।

दूसरे मित्र ने कहा - ''मृत्यु दोनों तरफ हमारे सामने खड़ी है। हमें शीघ्र ही निर्णय लेना होगा। छत से कूदने पर हम बच सकते हैं, लोग हमें बचा लेंगे। अब देर मत करो अन्यथा हमें पछताना पड़ेगा।''

पहला मित्र बोला - ''मैं आज तक एक मंजिल से भी नहीं कूदा और तुम मुझे तीसरी मंजिल से कूदने की बात कह रहे हो।''

''मौत मुझसे टकराये, उससे पहले ही मैं उससे टकराना चाहता हूँ।'' यह कहकर दूसरा मित्र दीवार पर चढ़ा और नीचे कूद गया। लोग नीचे तैयार खड़े थे, उन्होंने उसे बचा लिया।

दूसरा मित्र बच गया। पहला हिम्मत नहीं कर पाया और आग की लपटों में झुलस कर समाप्त हो

गया।

**आपको तो बस कूदना है।**

आपको बचाने के लिए धर्म-गुरु तैयार हैं। आपको तो बस कूदना है। कितने लोग कूदने की हिम्मत कर पाते हैं? आप भी वैसे ही संसार की आग में घिरे हुए हैं। धर्म-गुरु उससे बचने हेतु संकेत कर रहे हैं, मगर भयभीत मानव अपना हित-अहित नहीं सोच पाते। वे छलाँग लगाने से डरते हैं। जीवन बड़ा अमूल्य है। इसे जान-बूझकर संसार की ज्वालाओं में मत जलाओ। अभी तो आपको अनेक पुण्य कार्य करने हैं। संसार को आपसे बहुत आशाएँ हैं। आप निश्चिन्त होकर, भयरहित होकर, जीवन के प्रति दृढ़ आस्था रखकर कुदिए। गुरु आपको अपने हाथों पर उठा लेंगे। आपका जीवन सफल हो जायेगा।

**भगवान का क्या होता ?**

मान लीजिए आप समुद्री जहाज में बैठकर जा रहे हैं। अचानक समुद्र में भयंकर तूफान आता है। जहाज डगमगाने लगता है। खतरे की घण्टियाँ बजने लगती हैं। उस समय आपके मन में क्या भोजन की इच्छा होगी ? आप उस समय क्या अपने परिवार वालों का स्मरण करेंगे? नहीं करेंगे, क्योंकि आप जानते हैं, वे आपकी कुछ भी मदद नहीं कर सकते। इस समय यदि कोई सहायता कर सकता है तो वह है सिर्फ परमात्मा। आप उसी को पुकारेंगे। भगवान को मनुष्य सुख में कम, दुःख में ज्यादा याद करता है। आपका सारा ध्यान परम पिता परमात्मा पर लग जायेगा। इसी प्रकार सांसारिक जीवन नौका में विषय-वासनाओं और कषायों का तूफान आया हुआ है। वह आपको डुबा रहा है, इसलिए आप भगवान का नाम लेते हैं। भक्त दुःख में भगवान को नहीं भूलते, उन्हें याद करते हैं। अगर दुःखों में भी भगवान का स्मरण न आये तो फिर भगवान और धर्म की क्या स्थिति होगी? कभी-कभी मन कहता है -

गरीबों का विश्वास न होता तो धनवान का क्या होता ?

सच्चाई का प्रकाश न होता तो गुणवान का क्या होता ?

समझ में नहीं आता है कि आज के जमाने में -

भक्तों का विश्वास न होता तो भगवान का क्या होता ?

**खाली होकर आओ**

भक्त है, आराधक है, साधक है, इसलिए भगवान की उन पर कृपा है। सन्त-साधक अपने लिए साधना, आराधना नहीं करते, वे तो विश्व-कल्याण हेतु भगवान एवं धर्म की उपासना में लगे रहते हैं। वे मानव मात्र को मानसिक एवं शारीरिक व्याधियों से मुक्ति दिलाने का प्रयत्न करते हैं। हम ही यदि उन आधि-व्याधि से मुक्त नहीं होना चाहते हैं तो फिर कोई भी शक्ति हमें दुःखों से नहीं बचा सकती। घोड़े को पानी तक ले जाया जा सकता है, मगर पानी तो वह अपनी इच्छा से ही पीयेगा। वही स्थिति सांसारिक प्राणियों की हो रही है। उनमें धर्म के प्रति प्यास नहीं है। आज आवश्यकता प्यास जगाने की है; क्योंकि धर्म का पानी तो हैं, पर उसे पीने वालों की कमी है। भरे हुए घट में यदि और अधिक पानी डाला जाएगा तो वह उसमें समायेगा नहीं, बाहर की ओर बहेगा। आपको यदि धर्म-स्थान में आना है और सन्तों का सान्निध्य पाना है तो अपने को भरा हुआ मत लाइए। स्वयं को खाली करके संतों के पास आइए। यदि खाली होकर संतों के पास आओगे तो संतों की वाणी को अपने मन-मस्तिष्क में भरकर सब कुछ प्राप्त कर सकोगे।

एक संगीत - शिक्षक के पास दो व्यक्ति संगीत सीखने गए। शिक्षक ने पहले व्यक्ति से पूछा - ''क्या तुम संगीत के विषय में कुछ जानते हो ?'' उसने कहा- ''मैं कुछ भी नहीं जानता, जो कुछ जानूँगा, आपसे ही जानूँगा।'' इस पर संगीत-शिक्षक ने कहा तो मैं तुम्हें संगीत सिखाने के पाँच सौ रुपए लूँगा। जब शिक्षक ने

यही बात दूसरे व्यक्ति से पूछी तो उसने कहा– ''मैंने छह महीने तक संगीत विद्या पढ़ी है। मुझे उसकी कुछ जानकारी है। इस पर शिक्षक ने उस दूसरे व्यक्ति से कहा– ''तुमको संगीत सिखाने के एक हजार रुपए लूँगा।''

दूसरे व्यक्ति ने आश्चर्य से पूछा – ''जो कुछ नहीं जानता, उससे तो आप पाँच सौ रुपये लेंगे और मैं कुछ जानता हूँ तो मुझसे दुगुने क्यों लोगे ?''

संगीत–शिक्षक ने दूसरे व्यक्ति को समझाते हुए कहा –

''पाँच सौ रुपए तो उसे मिटाने में लगेंगे, जो तुम जानते हो और उसके बाद पाँच सौ रुपये सिखाने में लगेंगे। अतः तुमसे दूनी फीस माँगी'' जो पहले से कुछ जानता हैं, उसे सिखाना मुश्किल होता है। जिस कटोरे में पानी भरा है, उसमें दूध तभी तो भरा जायेगा, जब उसका पानी फेंक दिया जायेगा ।

कुछ भरने के लिए पात्र का खाली होना जरूरी है। भरे हुए पात्र में कुछ नहीं भरा जा सकता। इसीलिए कहता हूँ कि खाली होकर आओ।

**प्रथम भक्ति : संतों की संगति**

वैदिक मान्यता में भगवान की भक्ति नौ प्रकार की बताई है, जो नवधा भक्ति कहलाती है। इस नवधा भक्ति में पहली भक्ति संतों का सान्निध्य है –

**प्रथम भगति संतन कर संगा।**

लेकिन जब तक आप में ग्रहणशीलता नहीं होगी, आप कुछ पाने के लिए खाली नहीं होंगे, तब तक आप संतों का कितना ही संग कर लें, आप संतों से लाभ नहीं उठा सकते। आपके अन्दर पूर्वाग्रह और भ्रान्त धारणाएँ भरी हैं तो संतों का उपदेश उसी तरह बाहर बह जाएगा, जैसे भरे हुए घड़े में डाला गया जल बाहर गिर जाता है।

**कुचालक नहीं, सुचालक बनो**

संतों के ज्ञान की थाह लेने वाले संतों से कुछ पूछते हैं तो वे बिजली के कुचालक की तरह संतों की अनुभूतियों से वंचित रह जाते हैं। लकड़ी, रबर बिजली के कुचालक हैं। इनको बिजली के नंगे तार से स्पर्श कराइए, बिजली का कोई प्रभाव इन कुचालकों पर नहीं होगा। धातु की छड़ जो सुचालक है, उसमें बिजली का संचार तुरन्त होगा। अतः संतों के पास सुचालक बनकर पहुँचिए, कुचालक बनकर नहीं ।

**लट्ठा पकड़े रहो**

चन्द्रकान्त नाम का एक श्रेष्ठि–पुत्र नाव में माल भरकर व्यापार करने निकल पड़ा। कुछ दिनों की यात्रा के बाद समुद्र में अचानक तूफान आ गया। नाविक घबराने लगे, श्रेष्ठि–पुत्र को अपना भविष्य अंधकारमय लगने लगा। धनोपार्जन के लिए निकला था, मगर अब जो पास में हैं, उसे बचाना भी मुश्किल हो गया। नाव में पानी भरने लगा था, यह देख नाविक अपने प्राण बचाने समुद्र में कूद पड़े। अब नाव पूरी तरह पानी में डूबने को थी, क्योंकि काफी पानी भर गया था। प्राण–रक्षा के लिए निराश चन्द्रकान्त भगवान को याद करते हुए हाथ–पैर चलाने लगा। संयोग से लकड़ी का एक बड़ा लट्ठा उसके हाथ में आ गया। लट्ठा बड़ा होने के कारण वह तैर रहा था।

लहरों के थपेड़ों के कारण अचानक चन्द्रकान्त की धोती ढीली हो गई। उसके समक्ष एक विचित्र समस्या पैदा हो गई कि अब वह क्या करे ? यदि वह धोती को पकड़ता है तो लट्ठा हाथ से छूट जाता है और यदि लट्ठे को पकड़े रहता है तो धोती छूटती है। किनारे तक पहुँचने के लिए लट्ठे का होना आवश्यक है, वरना सागर में ही जल समाधि लग जायेगी। अगर जीवित रहे तो और कितनी ही धोतियाँ आ जायेंगी।

यही सोचकर चन्द्रकान्त लट्ठे को पकड़े रहा और पार हो गया। यहाँ चिन्तन की बात यह है कि लट्ठा जो जीवन–रक्षक बना हुआ है, वही धर्म है। उसको थामे रहोगे तो किनारा मिल जायेगा। धोती सांसारिक माया–मोह के बन्धन की तरह है। पत्नी–बच्चे, भाई–बहिन, माता–पिता ये सब धोती की तरह हैं। इनको थामना

चाहोगे तो धर्म का सहारा प्राप्त नहीं कर सकोगे। अब यह आपके विवेक और बुध्दि का विषय है कि आप किसको रखना और किसको छोड़ना चाहते हैं।

**धर्म संसार के बंधनों को तोड़ता है**

एक दिन सबको छोड़ना तो पड़ेगा ही। वे आपको छोड़कर जायें, उससे तो अच्छा है कि आप ही उनको छोड़ दें। आपका जीवन वर्षा के पश्चात् निर्मल हुए आकाश की भाँति लगने लगेगा। फिर मन में न मोह होगा न रागः न ईर्ष्या होगी न द्वेष न इच्छाएँ होंगी न क्लेश। इस तरह संसार का स्वरूप पहचान कर अपना पथ आपको ही चुनना है। धर्म तो सभी का कल्याण करने वाला है, यह हजारों-लाखों वर्ष पहले भी तारणहार था और आज भी उसमें वैसी ही क्षमता है और भविष्य में भी यही शक्ति रहेगी। अब यह आप पर निर्भर है कि आप धर्म के पथ पर किस प्रकार चलते हैं। अन्त में मैं तो सिर्फ यही कह सकता हूँ -

धर्म, आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है,
धर्म, मन को पाखण्ड से मोड़ता है।
धर्म से जीवन में भर जाती है असीम शक्ति -
धर्म, संसार के बन्धनों को तोड़ता है।।

बस, आवश्यकता इस बात की है कि आपकी धर्म में प्रवृत्ति हो और संसार से निवृत्ति हो। ऐसी स्थिति आने पर ही संतजन आपको धर्म का आश्रय देने में सफल हो सकेंगे। ●

## मनोबल बढ़ाने के उपाय

**लेखक : तपस्वी श्री धन्नामुनिजी महाराज**

कई बार परिस्थितियाँ ऐसी बनती है कि मानव का आत्मबल कमजोर हो जाता है। जब आत्मबल कमजोर होता है तो आदमी ठीक निर्णय नहीं ले पाता। वह भयभीत और डरा हुआ रहता है। उसके जीवन में उदासी और हताशा प्रवेश कर जाती है। वह खुद भी दुखी होता है और उसको देखकर उसके निकटवर्ती सम्बन्धी भी दु:खी होते है। ऐसी हालत में व्यक्ति प्रायः ३ चीजे करता है।

* तांत्रिक की शरण में चले जाते हैं।

* जत्र, मंत्र (जादू टोने) की शरण में चले जाते हैं।

* देव की शरण में चले जाते हैं लेकिन उपरोक्त तीनों ही विकल्पो से व्यक्ति को राहत नहीं मिलती।

**अपने आत्मबल (Will power) को मजबूत करने के लिए व्यक्तिको नौ चीजें अपनानी चाहिए।**

* दोषारोपण रहित स्वभाव : गलत चीज को आँख से देखने के बाद भी उसके निराकरण का उपाय तो करना चाहिए लेकिन दोषोरोपण से बचना चाहिए।

* समझदार एवं विवेकशील व्यक्तियों से नाता जोड़ना।

* सफलता पर विश्वास रखना। यह नहीं सोचना कि मैं कोई काम कर पाऊँगा यह नहीं कर पाऊँगा। अपितु यह सोचना कि मैं काम को अच्छे तरीके से कर पाऊँगा।

* स्थिर चित्त रखना - अपने मन में धारणा कि मुझे क्या करना है। मन में विरोधाभाषी विकल्पो को स्थान नहीं देना।

* मन पर काबू रखना तथा विकारों से बचना।

* वीतराग वाणी पर अटूट श्रध्दा रखना :- वीतराग वाणी के उपासक बने और परेशानी आने से पहले ही लगातार वीतराग वाणी की उपासना करें। हमारे आत्मकल्याण और कर्म निर्जरा का माध्यम है वीतराग वाणी।

* अपनी शक्ति का समन्वय करना और उच्च विचार रखना कोई भी काम असंभव नहीं है, इसलिए लोगो की बातों में नही आना।

* निषेध जगह में कार्य नहीं करना, वरना परेशानियाँ आपदाएँ आ सकती है।

* अति परिचय व दुश्मनी से बचना :- ना ज्यादा परिचय बढ़ाना और ना किसी से दुश्मनी रखना। ●

# कव्हर तपशील - डिसेंबर २०२२




❖ **डॉ. नरेन्द्रकुमारजी बलदोटा – महात्मा पुरस्कार**

MSPL चे चेअरमन व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. नरेन्द्रकुमारजी अभयराजजी बलदोटा यांना ''महात्मा पुरस्कार'' नुकताच नवी दिल्ली येथे प्रदान करण्यात आला. (बातमी पान नं. ६७)

❖ **गौतम लब्धि फौंडेशन**

तळेगाव ढमढेरे येथील श्री. पोखरणा यांचे जुने घर १० मे २०२२ रोजी आगीत भस्मसात झाले. सदर घराचे बांधकाम गौतम लब्धि फौंडेशनने समाजाच्या विविध लोकांकडून आर्थिक व वस्तूच्या स्वरुपात मदत घेऊन सहा महिन्यात पूर्ण केले. या नूतन घराचे पोखरणा परिवास गृह समर्पण कार्यक्रम २१ नोव्हेंबर २०२२ रोजी संपन्न झाला. (बातमी पान नं. ९३)

❖ **सौ. सुनंदा चोरडिया – सन्मान**

पुणे येथील जैन विमन्स क्लब (JWC) तर्फे जैन जागृतिच्या संपादिका सौ. सुनंदाजी चोरडिया यांची गृहस्थी ते संपादिक ही यशस्वी सफर बदल मुलाखात फेसबुक वर लाईव्ह प्रसारित केली व क्लब तर्फे त्यांचा सन्मान करण्यात आला. (बातमी पान नं. ७३)

❖ **बलदोटा ग्रुप – स्टील प्लांट**

होस्पेट : बलदोटा ग्रुप स्टील प्लांट मध्ये गुंतवणूक करणार आहे. २ नोव्हेंबर २०२२ रोजी पॅलेस ग्राऊंड, बेंगळुरु येथे जागतिक गुंतवणूकदारांची बैठक आयोजित करण्यात आली होती. या कार्यक्रमात श्री. थावरचंदजी गेहलोत – कर्नाटकचे राज्यपाल, श्री. बवसराजजी एस. बोम्मई – मुख्यमंत्री, श्रीमती निर्मलाजी सितारामन – वित्त मंत्री, श्री. पीयूषजी गोयल – वस्त्रोद्योग आणि वाणिज्य मंत्री यांच्या उपस्थितीत पंतप्रधान श्री. नरेंद्रजी मोदी यांनी या सोहळ्याचे उद्घाटन केले. (बातमी पान नं. ६९)

❖ **जीतो पुणे – नूतन कार्यकारणी**

जीतो पुणे चॅप्टर नवीन कार्यकारिणीचा (२०२२–२०२४) शपथविधी सोहळा २० ऑक्टोबर २०२२ रोजी पार पडला. यावेळी अध्यक्ष म्हणून प्रसिध्द उद्योजक व सिध्दीविनायक ग्रुपचे प्रमुख श्री. राजेशकुमारजी सांकला तर मुख्य सचिव म्हणून बी. जे. भंडारी ग्रुपचे संचालक श्री. चेतनजी भंडारी, रविराज ग्रुपचे श्री. रविंद्रजी सांकला यांच्यासह कार्यकारिणीने शपथ घेतली. (बातमी पान नं. ७१)

❖ **श्री. संजयजी घोडावत – समाज भूषण पुरस्कार**

जयसिंगपूर येथील उद्योजक व विविध सामाजिक कार्यात अग्रेसर श्री. संजयजी घोडावत यांना जय आनंद ग्रुप तर्फे ''समाज भूषण पुरस्कार'' देऊन सन्मानित करण्यात आले. (बातमी पान नं. ७७)

❖ **श्री ज्ञानप्रभाजी सरल म.सा. – पारनेर चातुर्मास**

पारनेर येथे चातुर्मासा निमित्त धार्मिक कार्यक्रमात श्री ज्ञानप्रभाजी सरल म.सा. तथा जैन प्रार्थना मंदीर ट्रस्टचे विश्वस्त श्री. वसंतलालजी शिंगवी, श्री. शांतीलालजी रायसोनी, श्री. वसंतलालजी शेटीया, श्री. केशरचंदजी शिंगवी, श्री. कांतीलालजी धाडीवाल व जैन बांधव उपस्थित होते. (बातमी पान नं. ८९)

❖ **वर्धमान एज्युकेशन ॲण्ड रिसर्च इन्स्टिट्युट, पुणे**

वर्धमान एज्युकेशन ॲण्ड रिसर्च इन्स्टिट्युट, शिवाजीनगर, पुणे तर्फे प्राकृत ॲण्ड जैन स्टडीज

व डिग्री प्रोग्राम्स चालवले जातात. यातील प्रथम बँच चा दीक्षांत समारोह नुकताच संपन्न झाला. (बातमी पान नं. ७२)

❖ **दि पूना मर्चंटस् चेंबर**

दि पूना मर्चंटस् चेंबर तर्फे गत ३५ वर्षापासून रास्त दरातील लाडू, चिवडा विक्री उपक्रम चालवले जाते. यावर्षी या उपक्रमाचे उद्‌घाटन १७ ऑक्टोबर २०२२ रोजी पुणे जिल्ह्याचे पालकमंत्री श्री. चंद्रकांतदादा पाटील व अनेक मान्यवरांच्या उपस्थितीत संपन्न झाले. सोबत चेंबर चे अध्यक्ष श्री. राजेंद्रजी बांठीया, मा. नगरसेवक श्री. प्रवीणजी चोरबेले इ. मान्यवर.
(बातमी पान ने. ८७)

❖ **डॉ. संजयजी चोरडिया – पुरस्कार**

प्राध्यापक डॉ. संजयजी चोरडिया, संस्थापक अध्यक्ष सूर्यदत्त एज्युकेशन फाऊंडेशन यांना शिक्षण आणि एज्यू सोशल उपक्रमांच्या क्षेत्रातील त्यांच्या अनुकरणीय योगदानाबद्दल प्रतिष्ठित 'द ग्लोबल एज्युकेशनिस्ट ऑफ द इयर पुरस्कार २०२२' ने सन्मानित करण्यात आले आहे. माननीय श्री पृथ्वीराजसिंगजी रूपन, राष्ट्राध्यक्ष मॉरिशस आणि मा. श्रीमती लीला देवी डूकुन – लुचूमुन उप-पंतप्रधान, मॉरिशस यांच्या हस्ते त्यांना हा पुरस्कार प्रदान करण्यात आला. (बातमी पान नं. ८५)

❖ **सौ. सीमा गांधी – कविता संग्रह**

कवियत्री सौ. सीमा गांधी लिखीत ''मनाचे सोहळे'' या कविता संग्रहाचे प्रकाशन १ ऑक्टोबर २०२२ रोजी अनेक मान्यवरांच्या उपस्थितीत संपन्न झाले. (बातमी पान नं. ८८)


❖ **गौतम लब्धि फाऊंडेशन : हेल्थ कार्ड**

पुणे : गौतम लब्धि फाऊंडेशन आणि जैन रिलिफ फाऊंडेशन यांच्या तर्फे 'जेआरएफ हेल्थ कार्डचे शानदान उदघाटन महावीर प्रतिष्ठान, पुणे येथे करण्यात आले. (बातमी पानं न. ७५) •

## पुणे जिल्हा स्थानकवासी सकल संघ कार्यकारणी निवड



श्री. विजयकांतजी कोठारी



श्री. पोपटशेठ ओस्तवाल



श्री. विलासजी राठोड



श्री. अनीलजी नहार

पुणे जिल्ह्याच्या स्थानकवासी सकल संघाच्या जिल्हाध्यक्ष पदी श्री. पोपटलालजी ओस्तवाल यांची निवड झाली. संस्थेच्या संस्थापक अध्यक्षपदी श्री. विजयकांतजी कोठारी यांची तह्यात निवड करण्यात आली. कार्याध्यक्षपदी श्री. विलासजी राठोड तर महामंत्री पदी श्री. अनिलजी नहार यांची निवड करण्यात आली.

श्री श्वेतांबर स्थानकवासी सकल श्रावक संघ, पुणे जिल्हा ही संस्था पुणे जिल्ह्यातील स्थानकवासी संघाची शिखर संस्था असून तीन वर्षाच्या कार्यकालासाठी ही निवड करण्यात आली आहे. •

जास्तीत जास्त जैन समाजापर्यंत
पोहचण्याचा सर्वांत खात्रीशीर,
सर्वांत सोपा व सर्वांत स्वस्त मार्ग...
जैन जागृति

# हमारा पैशन ही हमारी पहचान बनता है – संपादिका सुनंदाजी चोरडिया
# जैन विमेंस क्लब के मंच पर हुई बातचीत



अगर हमें किसी चीज का पैशन होता है, तो हम उस चीज के लिए अपने आप समय निकालते है । उस चीज को और बेहतर बनाने के लिए कडी मेहनत करते है । और उस चीज में हम सफल हो जाते है । हमारा पैशन ही हमारी पहचान बन जाता है । यह बात जैन जागृति की पहली महिला संपादिका सुनंदाजी चोरडिया इन्होंने जैन विमेंस क्लब के टॉक शो में शेयर की ।

जैन विमेंस क्लब यह फेसबुक पर महिलाओं द्वारा चलाया जानेवाला एक प्राइवेट ग्रुप है । यह एक मुफ्त प्लॅटफॉर्म है । जैन समाज की कोई भी महिला यह ग्रुप से जुड सकती है । इस ग्रुप पर बहुत सुंदर तरीके के टॉक शो, स्पर्धा, मार्गदर्शन शिबीर आयोजित किए जाते है । सबसे महत्त्वपूर्ण बात महिलाएँ अपने बिझनेस का अॅड भी मुफ्त में कर सकती है । इसके साथ आपको कोई भी मदद लगे तो आप वह सवाल इस ग्रुप पर पूछ सकते है । इस ग्रुप में महाराष्ट्र से ७००० से अधिक महिलाएँ जुडी है । परदेश में स्थित अनेक महिलाएँ भी इस ग्रुप में अॅड दे सकते है । बायोडेटा, पालकत्व जैसे विषयों के लिए भी कुछ खास दिन रखे गए है ।

जैन जागृति की संपादिका सुनंदाजी चोरडिया इन्होंने एक होम मेकर से लेकर एक संपादिका यह रोमांचकारी सफर, जैन विमेंस क्लब के मंच पर शेयर किया । जैन विमेंस क्लब की एडमिन अर्चनाजी लुणावत, भावनाजी बाठिया-संचेती इन्होंने सुनंदाजी के साथ उनका सफर जान लिया ।

आप भी जैन विमेंस क्लब के साथ जुड सकते है। २०२० में लॉकडाऊन के समय इस ग्रुप का निर्माण किया गया था । अर्चनाजी लुणावत, अंकीताजी नहार, भावनाजी बाठिया-संचेती, तृप्तिजी मंडलेचा और स्नेहलजी मंडलेचा यह अॅडमिन टीम इस ग्रुप का कामकाज देखती है । ●

## फिटनेस का राज
## शाकाहारी जीवन ने बदल दी है मेरी जिंदगी : विराट



टीम इंडिया के लिए २००८ में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते समय विराट कोहली गोल मटोल चेहरे वाले एक युवा खिलाड़ी थे लेकिन अब वह दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं। वह न केवल फिट हुए हैं बल्कि टीम के अंदर भी फिटनेस कल्चर ले आए हैं और अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कोहली यह भी मानते हैं कि शाकाहारी बनने के कारण भी उन्हें बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने पिछले साल शाकाहारी बनने का निर्णय लिया था। कोहली ने ट्वीट किया,'शाकाहारी बनने के बाद मुझे यह पता चला कि इतने वर्षों से डाइट के बारे में मेरी जो सोच थी वो बस एक कल्पना भर थी। शाकाहारी बनने के बाद से मुझे जैसा महसूस हुआ वैसा जीवन में पहले कभी नहीं हुआ।' ●